तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 25.0° | 32.0° |
| इंदौर | 23.0° | 30.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 31.0° |
| ग्वालियर | 27.0° | 34.0° |
| सागर | 24.0° | 31.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 243, पृष्ठ 12)
श्रावण, कृष्ण तृतीया संवत् 2083
शनिवार, 1 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश समेत तीन ...

व्यापार... मर्सिडीज-बेंज की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश, 647...

खेल... औकिब नबी को भारतीय टीम में जगह नहीं ...

देश-विदेश... जमीनी नवाचार देश की जरूरतों के अनुकूलः...


### समुद्र और जमीन के रास्ते स्यूटा सीमा पर पहुंचे हजारों प्रवासी, सुरक्षा बलों ने संभाला मोर्चा

# स्पेन में घुसे 60 हजार लोग, दम घुटने से 34 की मौत

**स्यूटा, एजेंसी।** स्पेन के स्यूटा शहर में जबरन प्रवेश की कोशिश के दौरान दम घुटने और डूबने से 34 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह उस समय हुआ, जब करीब 3 हजार प्रवासी एक साथ मोरक्को की ओर से स्पेन में दाखिल होने का प्रयास कर रहे थे।

सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों में भीड़ बेकाबू हो गई। कई लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े, जिससे दबने और दम घुटने से मौतें हुईं। कुछ प्रवासी समुद्र में डूब गए। इस दौरान स्पेन और मोरक्को

के 100 से अधिक सैनिक भी घायल हुए। स्पेन सरकार के अनुसार, पिछले 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल रास्ते से स्यूटा में प्रवेश कर चुके हैं। यह संख्या शहर की आबादी का करीब 70 प्रतिशत बताई जा रही है।

**यूरोपीय संघ की स्पेन को सहायताः** हालात को देखते हुए स्पेन सरकार ने सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी है। अतिरिक्त सैन्य बलों की तैनाती के साथ हवाई और नौसैनिक निगरानी भी बढ़ाई गई है। समुद्री रास्तों पर नजर रखने के लिए गोताखोरों की टीमें भी तैनात की गई हैं। यूरोपीय संघ ने भी स्पेन को सहायता देने की पेशकश की है। स्यूटा अफ्रीका महाद्वीप में स्थित स्पेन का हिस्सा है और यूरोपीय संघ का क्षेत्र है। यही कारण है कि बेहतर जीवन और रोजगार की तलाश में कई अफ्रीकी और एशियाई देशों के प्रवासी इस रास्ते से यूरोप पहुंचने की कोशिश करते हैं।

**2021 में भी हुई थी घुसपैठ**

इससे पहले 2021 में दो दिनों के भीतर 10 हजार से अधिक प्रवासी स्यूटा में प्रवेश कर गए थे। वहीं, 2022 में मेलिला सीमा पर भगदड़ में 23 प्रवासियों की मौत हुई थी। स्यूटा और मेलिला को लेकर स्पेन और मोरक्को के बीच लंबे समय से विवाद जारी है। मोरक्को इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि स्पेन इन्हें अपनी सीमा का हिस्सा बताता है।

# धर्म की वजह से की गई थी हत्या दोषी ताहिर समेत पांच को उम्रकैद

### 2020 में आईबी अधिकारी की हत्या के मामले में कोर्ट का फैसला, छह बरी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व एएपी पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि यह बेहद गंभीर घटना थी, जिसने समाज को झकझोर दिया। कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर हुसैन, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया

था। वहीं, मामले में छह आरोपियों को बरी कर दिया गया।

दिल्ली पुलिस ने दोषियों के लिए फांसी की सजा की मांग की थी। पुलिस का कहना था कि अंकित शर्मा की हत्या क्रूर और सुनियोजित तरीके से की गई थी। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि अंकित शर्मा की केवल हत्या धर्म की वजह से की गई थी। आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या 25 फरवरी 2020 को दिल्ली दंगों के दौरान हुई थी। उनका शव चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास नाले से बरामद किया गया था। इसके बाद उनके पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में ताहिर हुसैन और उनके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया गया था।

## खास-खबरें

### भिवंडी में चार मंजिला इमारत ढही, 9 की मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, भिवंडी :** महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 से 5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव अभियान जारी है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इमारत में 48 कमरे थे और हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे। निगम ने इस इमारत को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था। हादसे के समय भवन में मरम्मत का काम चल रहा था। बचाव दल मलबा हटाकर फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### 19 साल बाद कोलकाता पहुंचीं तस्लीमा नसरीन

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन शुक्रवार को 19 साल बाद कोलकाता पहुंचीं। वह नई दिल्ली से यहां आईं, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। तस्लीमा ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें वापस आकर बहुत अच्छा लगा। वह 1 अगस्त को आयोजित होने वाले एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी और प्रसिद्ध लेखक शीर्षेंदु मुखोपाध्याय के शामिल होने की संभावना है।

### मुख्यमंत्री अधिकारी की रेकी का आरोप, जैश संदिग्ध गिरफ्तार

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः** बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पूर्वी बर्धमान जिले से जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी हामिम मंडल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बारे में जानकारी जुटा रहा था एसटीएफ ने हामिम को गुरुवार देर रात एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से पकड़ा। पुलिस ने उसके मोबाइल और घर से मिले दस्तावेजों के आधार पर जांच शुरू की है। पुलिस का दावा है कि हामिम पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड सज्जाद भट से जुड़े नेटवर्क के संपर्क में था। 23 वर्षीय हामिम को कोर्ट में पेश किया गया।

### पप्पू यादव पुजारी के वेश में पहुंचे, राहुल गांधी ने दानपेटी में डाला चंदा

# श्रीराम मंदिर चढ़ावा मामले पर संसद परिसर में विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

- लोकसभा में हंगामे के बीच संशोधन विधेयक पारित, सदन स्थगित

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपों को लेकर विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डाला। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसद बैनर लेकर पहुंचे, जिन पर 'अमित शाह संसद से गायब क्यों' लिखा हुआ था। विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। इधर, लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण इसे दोपहर 12 बजे तक स्थगित करना पड़ा। दोबारा कार्यवाही शुरू होने के बाद लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ संसद में दिए गए बयान को लेकर विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। कांग्रेस का कहना है कि मंत्री का बयान संसद के विशेषाधिकार से जुड़ा मामला है। जितेंद्र सिंह ने कहा था कि जंतर-मंतर और संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग नहीं हुई थी।

### घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों का आरोप, प्रदर्शन में उपद्रवी भी थे मौजूद

जंतर-मंतर और संसद मार्च के दौरान घायल हुए दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिजनों ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन में केवल छात्र नहीं, बल्कि असामाजिक तत्व भी शामिल थे। परिवारों ने कहा कि हिंसक भीड़ ने पुलिस जवानों पर हमला किया और कई कर्मी घायल हुए। एक पुलिसकर्मी की बेटी ने बताया कि उनके पिता की वर्दी खून से लथपथ थी। पथराव और बैरिकेड तोड़ने के आरोप लगाए।

### मेटा इंडिया हेड समेत कई लोगों पर एफआईआर

**नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबाद/नोएडाः** पीएम मोदी के एआई मॉर्फ्ड वीडियो मामले में हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने मेटा इंडिया हेड अरुण श्रीनिवास समेत कई सोशल मीडिया अकाउंट हैंडलर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह वीडियो जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान वायरल हुआ था। पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। मामले में वीडियो बनाने, अपलोड करने और वायरल करने वालों की जांच की जा रही है। साथ ही फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी कंटेंट रोकने वाले मेटा के सिस्टम की भी जांच की जा रही है।

### पीएम पर टिप्पणी मामले में एफआईआर का विरोध

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली रुचिका सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर का कॉकरोच जनता पार्टी ने विरोध किया है। पार्टी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि आपराधिक मामला दर्ज करने की जगह मानहानि का केस होना चाहिए। उन्होंने इसे मशीनरी का दुरुपयोग बताया। यह मामला 23 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन से जुड़ा है। वायरल वीडियो में रुचिका सिंह पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करती नजर आई थीं।गाजियाबाद निवासी स्मृति सिंह की शिकायत पर नोएडा एक्सप्रेसवे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जानबूझकर अपमान करने, सार्वजनिक उपद्रव और मानहानि के आरोप लगाए हैं।

### उमर अब्दुल्ला और पायल के तलाक को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल को तलाक की मंजूरी दे दी। दोनों की शादी 32 साल पहले हुई थी और वर्ष 2011 से वे अलग रह रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में दोनों पक्षों ने बताया कि उन्होंने आपसी सहमति से विवाह समाप्त करने और सभी विवादों को सुलझाने का फैसला किया है। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी शादी खत्म करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था। उमर और पायल की मुलाकात दिल्ली के ओबेरॉय होटल में हुई थी, जहां दोनों काम करते थे। दोनों के दो बेटे जहीर और जमीर हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ को बताया कि दोनों ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शादी खत्म करने के लिए आवेदन दिया था। उमर अब्दुल्ला के वकील ने आरोप लगाया था कि पायल तलाक के लिए सहमत नहीं थीं।

## सीनेट में एक वोट से जीते ट्रम्प, ईरान पर सैन्य कार्रवाई करने का मिला अधिकार

**वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव/तेहरान, एजेंसीः** ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में प्रस्ताव के पक्ष में 49 वोट पड़े, जबकि विरोध में 50 सांसदों ने मतदान किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पार्टी के सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेना अनिवार्य होता। इसके बाद राष्ट्रपति अपने स्तर पर सैन्य अभियान शुरू नहीं कर सकते थे।

ईरान के साथ संभावित संघर्ष को लेकर विपक्षी सांसद लगातार मांग कर रहे हैं कि किसी भी सैन्य कार्रवाई का अंतिम फैसला अमेरिकी संसद को करना चाहिए। प्रस्ताव खारिज होने के बाद इसे दोबारा सीनेट में लाने के लिए नई कोशिश करनी होगी। फिलहाल यह विधेयक सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी समिति के पास है।

इस बीच ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में कई घटनाएं सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार मिस्र के एक बंदरगाह पर ड्रोन हमला हुआ, जिसमें दो जहाजों में आग लग गई। इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

### अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने जूडो में भारत को दिलाया 'स्वर्ण'

**ग्लासगो, एजेंसीः** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने जूडो में दो गोल्ड मेडल जीत लिए है। अस्मिता डे ने शुक्रवार को विमेंस 48 किग्रा वेट कैटेगरी के फाइनल में कनाडा की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद विजेता का फैसला गोल्डन स्कोर से हुआ। वहीं हर्ष सिंह ने पुरुष 60 किग्रा में गोल्ड जीता। यामिनी मौर्या महिला 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच चुके हैं। बॉक्सिंग में भी भारत का प्रदर्शन शानदार रहा।

## बहनों की शक्ति से आगे बढ़ रहा प्रदेशः डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने झाबुआ में स्व-सहायता समूहों को 300 करोड़ रुपये ऋण, विकास कार्यों की दी सौगात

**नईदुनिया ब्यूरो, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहनों की शक्ति और आशीर्वाद से मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। सरकार और समाज दोनों स्तरों पर महिला सशक्तिकरण के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को झाबुआ जिले के थांदला में स्व-सहायता समूहों के क्षमतावर्धन और ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए 300 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। इसमें झाबुआ जिले के 215 समूहों के लिए 10.8 करोड़ रुपये का ऋण शामिल है। उन्होंने झाबुआ में 174.64 करोड़ रुपये लागत के 29 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 109.17 करोड़ रुपये के 28

विकास कार्यों का लोकार्पण किया। प्रदेश में नगरीय निकायों और पंचायतों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण है, जबकि सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत स्थान आरक्षित हैं।

**जनजातीय परिवार के साथ आत्मीय समय बिताया**

मुख्यमंत्री में जनजातीय समुदाय के सदस्य बसंत सिंह बामनिया के घर पहुंचकर उनके परिवार के साथ आत्मीय समय बिताया। उन्होंने परिवार के सदस्यों से सहज संवाद किया, आदिवासी बहनों से राखी बंधवाई तथा बच्चों को स्नेह-दुलार देकर अपनेपन का एहसास कराया। उन्होंने गोदड़ी पर बैठकर पत्तल में भोजन किया। मिट्टी और गारे से बने सादे घर के आंगन में परिवार के बीच बैठकर उन्होंने उड़द की दाल और स्थानीय पानिया का स्वाद लिया।

### मुख्यमंत्री का पहला जन-विश्वास दौरा 7 को छिंदवाड़ा में

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अगस्त को अपने प्रथम जन-विश्वास दौरे पर छिंदवाड़ा जाएंगे। यहां आयोजित जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में वे सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज चिन्हित शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करेंगे। चयनित शिकायतकर्ताओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री जिले के विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। वे उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ उद्योग संवाद भी करेंगे। जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और नागरिकों के बीच विश्वास मजबूत करना तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है।

## कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट, 34 खनिकों की मौत

- क्वेटा के पास हुआ हादसा, रातभर चले बचाव अभियान के बाद मिले सभी शव

**क्वेटा, एजेंसीः** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट होने से 34 खनिकों की मौत हो गई। हादसा गुरुवार को क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित एक खदान में हुआ। रातभर चले बचाव अभियान के बाद सभी मृतकों के शव बाहर निकाल लिए गए।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार, शुरुआती जानकारी में खदान के अंदर करीब 42 लोगों के मौजूद होने की आशंका जताई गई थी। बचाव दल ने अभियान पूरा कर सभी मृतकों के शव बरामद कर लिए हैं। बलूचिस्तान के खान एवं खनिज मंत्री शोएब नोशेरवानी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख पाकिस्तानी रुपये मुआवजा देने की बात कही। बलूचिस्तान में कोयला खदानों में दुर्घटनाएं पहले भी होती रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कई खदानों में पर्याप्त वेंटिलेशन, मीथेन गैस की निगरानी प्रणाली और जरूरी सुरक्षा उपायों की कमी के कारण हादसों का खतरा बना रहता है।

**व्यवस्था** *सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने कराई व्यवस्था, स्थानीय लोगों ने जताई थी आपत्ति...*

# भोजशाला के पीछे तय जमीन पर हुई जुमे की नमाज

**नईदुनिया ब्यूरो, धार :** मध्य प्रदेश के धार में शुक्रवार को भोजशाला परिसर की बाउंड्रीवॉल से सटी खसरा नंबर 612 की जमीन पर जुमे की नमाज अदा की गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने नमाज के लिए व्यवस्था की थी। बारिश के कारण जमीन गीली होने पर तिरपाल बिछाई गई और पूरे क्षेत्र में बैरिकेडिंग की गई। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

इससे पहले सुबह स्थानीय रहवासियों ने नमाज को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि जिस जमीन पर नमाज की अनुमति दी गई है, वह निजी जमीन है और वहां लंबे समय से खेती की जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि वे इस जमीन पर नमाज की अनुमति नहीं देंगे और जरूरत पड़ने पर कानूनी रास्ता अपनाएंगे।

स्थानीय निवासी चंद्रकांत देवड़ा ने कहा कि यह उनके परिवार की निजी जमीन है और इसी से उनका जीवन चलता है। वहीं, राधाबाई और पुष्पा बिजवा ने भी जमीन पर अपना अधिकार जताते हुए कहा कि यह कई पीढ़ियों से उनके परिवार के पास है। विरोध की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम राजकुमार हलदर प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर

पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा की और उनकी आपत्तियों को सुनने का आश्वासन दिया। इसके बाद स्थिति शांत हुई। एसडीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। कमाल मौला वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधि अब्दुल समद ने बताया कि बारिश के कारण खसरा नंबर 611 की जमीन पर कीचड़ हो गया था। इसके बाद आपसी सहमति से खसरा नंबर 612 की जमीन पर नमाज अदा करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि दोनों स्थानों से कमाल मौला मस्जिद दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि अगले शुक्रवार तक यदि कोर्ट की ओर से कोई नया अंतरिम या अंतिम आदेश आता है, तो उसका पालन किया जाएगा।

इससे पहले 30 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला से सटी जमीन पर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज की अनुमति दी थी। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए थे। पीठ ने कहा था कि निर्धारित भूखंड तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता उपलब्ध है और यह स्थान नमाज के लिए उपयुक्त है।